हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 24 जून 2025

06 समस्याः बारिश से कटाव बढ़ने से प्रभावित हो सकता है...


09 नप सफाई कर्मियों को मिला मई माह से बढ़ा...




## खबर संक्षेप

### नागद्वारी मेला की पूर्व तैयारी हेतु बैठक 27 को

**नर्मदापुरम।** नागद्वारी मेला वर्ष 2025 आयोजन के लिए संपूर्ण मेला क्षेत्र में की जाने वाली व्यवस्थाओं कें संबंधि में महादेव मेला समिति पचमढी द्वारा 27 जून 2025 को दोपहर 12 बजे से संजय गांधी संस्थान पचमढी में आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर (विकास) एवं अध्यक्ष महादेव मेला समिति, पचमढी नर्मदापुरम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि उक्त बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### 29 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**नर्मदापुरम।** जिले के पी.एम.श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पवारखेडा जिला नर्मदापुरम में सत्र 2026-27 के लिये कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र भरे जा रहे है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है। उक्त ऑनलाइन आवेदन किसी भी कम्प्यूटर सेंटर से अथवा मोबाईल से निशुल्क भरा जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन का लिंक प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर 2025 शनिवार प्रातः 11: 30 बजे से जिले के समस्त विकासखण्डों के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। तत्संबंध में प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय पवारखेडा नर्मदापुरम द्वारा नर्मदापुरम जिले में कक्षा 5 वी में अध्ययनरत विद्यार्थियों से इस परीक्षा में अवश्य सम्मिलित होने की अपील की गई है।

### कार्यशाला का आयोजन 26 जून को

**नर्मदापुरम।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की मध्य प्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम और इंडस्ट्री पार्टनर लघु उद्योग भारती द्वारा उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन 26 जून 2025 को प्रातः 10 बजे से ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन भवन, न्यू क्लॉथ मार्केट, पिपरिया में किया जा रहा है। कार्यशाला में महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी।

---

पचमढ़ी का खुशनुमा मौसम बना पर्यटकों की पंसद

# मानसून में निखर उठी पचमढ़ी की फिजाएं, सोशल मीडिया पर छा रहा है पचमढ़ी, वीडियो को मिल रहे हैं लाखों व्यूज, सैलानी पहुंचे पचमढ़ी

**दो दिनों से बारिश का दौर जारी, सोमवार को भी रूक रूककर होती रही रिमझिम बारिश**

◆ पिछले दो दिनों से हो रही बारिश ने जिले की आवोहवा बदल दी है। मौसम खुशनुमा हो गया है। वहीं बारिश का आनंद उठाने पर्यटक दूर-दूर से आ रहे हैं। वहीं पचमढ़ी में व्यंजनों का लुत्फ भी उठा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

जून माह में बरसात के आगमन के साथ ही पचमढ़ी की नैसर्गिक सुंदरता अपने शीर्ष पर है। हल्की बरसात और कोहरे की धुंध पचमढ़ी आने वाले पर्यटकों का मन मोह ले रही हैं। पचमढ़ी आने वाले पर्यटक बताते हैं कि पचमढ़ी का माहौल कश्मीर जैसा लग रहा है। पचमढ़ी की वादियां कोहरे की चादर और हल्की बरसात पचमढ़ी आने का मकसद सफल कर रही है।



### लुभा रहा पचमढ़ी

बदलते युग में पर्यटन स्थल सोशल मीडिया पर भी छाए रहते हैं। चाहे फेसबुक के वीडियो को ले लें या इंस्टाग्राम रील्स दोनों पर ही पचमढ़ी की वीडियो छा रही हैं। पचमढ़ी की कुछ वीडियो को देखें तो उन पर कई लाख व्यूज दिख रहे हैं। पचमढ़ी भ्रमण के अलावा पचमढ़ी में रेस्टोरेंट और कैफे काफी उच्च श्रेणी के हैं। लंच और डिनर की बात करें तो पर्यटक बेटा बावर्ची रेस्टोरेंट एवं रसोई ढाबा और शहर के अन्य रेस्टोरेंट को काफी पसंद कर रहे हैं वहीं इटालियन जाइके के लिए मुख्य मार्ग पर फ्राई पैन कैफे सबसे ज्यादा रेटेड इटालियन कैफे माना जाता है।

### सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर आ रहे हैं पचमढ़ी

पचमढ़ी के इस दिलकश मौसम का आनंद लेने के लिए यूट्यूब इनफ्लुएंसर और इंस्टाग्राम रील मेकर पचमढ़ी आ रहे रहे हैं। आए दिन पचमढ़ी में इनफ्लुएंसर दिखाई दे रहे हैं। इनफ्लुएंसरों की तादाद यह साफ दर्शाती है कि सोशल मीडिया पर पचमढ़ी का स्थान काफी ऊपर है।

---

इस वर्ष धान का रकबा घटा, किसानों ने सोयाबीन, मक्का पर जताया भरोसा

# बारिश होते ही खरीफ की बोवनी में जुटे किसान, डीएपी की किल्लत बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

खरीफ फसलों की बोवनी का सीजन शुरू हो गया है। किसानों ने धान की रोपाई करने के लिए गढ़े बनाने का काम शुरू कर दिया है। इनमें पानी भरने के बाद धान की रोपाई प्रारंभ होगी। नर्मदापुरम एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में किसान खरीफ की तैयारी में जुटा हुआ है। इस वर्ष कृषि विभाग ने धान की कम बोवनी का अनुमान बताया है वही कृषि विभाग के मुताबिक फसल चक्र में परिवर्तन के कारण किसानों ने मक्का एवं सोयाबीन की फसलों का रकबा बढ़ा दिया है। दूसरी ओर किसानों ने धान के कम दाम मिलने के कारण भी दूसरी अन्य फसल की बोवनी करने का निर्णय लिया है। पिछले वर्ष जिले में लगभग 2 लाख 20 हजार हैक्टेयर भूमि पर धान की रोपाई की गई थी।

मौसम के सक्रिय होते ही किसान बोवनी में जुट गये हैं। किसानों ने धान, सोयाबीन, मक्का आदि की बोवनी की तैयारी शुरू कर दी है।



### धान का रकबा घटा

जिले में धान का रकबा 2 लाख 10 हजार हैक्टेयर, मक्का 48 हजार हैक्टेयर, सोयाबीन 32 हजार हैक्टेयर पिछले वर्ष की तुलना में धान का रकबा कम हुआ। पिछले वर्ष धान लगभग 2 लाख 20 हजार हैक्टेयर में धान लगाई गई थी जो इस बार कम लगाई गई है वहीं सोयाबीन और मक्का का रकबा बढ़ा है।

### डीएपी के लिए भटक रहे किसान

इस साल डीएपी खाद नहीं मिलने से किसान परेशान हो रहे हैं। सोसायटियों और डीएमओ में किसानों की लाईन लगी हुई है। प्रशासन किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में अन्य खाद का उपयोग करने की सलाह के साथ उपलब्ध भी करा रहा है। वहीं कृषि विभाग द्वारा किसान भाईयों के लिए फसलों के लिए उपयोगी सलाह जारी की गई है। किसान भाई फसलों में डीएपी के वैकल्पिक रूप में पोषक तत्व की पूर्ति हेतु प्रति हेक्टेयर (ढाई एकड़) बुवाई के लिए (1 बोरी डीएपी = 3 बोरी **SSP**+20**Kg** यूरिया) विकल्पों का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही किसान देशी खाद इत्यादी से भी अपना उत्पादन बढ़ा सकते हैं। हालाकि कृषि विभाग ने कहा है कि जिले में पर्याप्त खाद की उपलब्धता है तथा किसानों को आवश्यकतानुसार खाद का वितरण किया जाएगा।

### धान का रकबा हुआ कम

इस वर्ष किसान फसल रोटेशन के कारण धान का रकबा पिछले वर्ष से कुछ कम हुआ है। मक्के के दाम अच्छे मिलने के कारण किसान आकर्षित हुआ है। खाद को लेकर किसान को डीएपी के बदले 20-20-013 का उपयोग करना चाहिए इसमें किसान को कहीं भ्रमित नहीं होना चाहिए। यह डीएपी का काम करेगा।

**जेआर आर हेड़ाऊ, जिला संचालक कृषि विभाग नर्मदापुरम**

---

# प्रदर्शनः सचिवों ने की समयमान वेतनमान, संविलियन की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मप्र पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अधिकारी सचिव संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सोमवार को नर्मदापुरम में ग्राम पंचायत सचिवों ने धरना दिया। पीपल चौक पर आयोजित जिलास्तरीय धरने में जिलेभर से पंचायत सचिव एक दिन का अवकाश लेकर शामिल हुए। दोपहर 12 से 3 बजे तक धरना दिया। फिर मुख्यमंत्री के नाम 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। इसमें संविलियन समयमान वेतनमान, समेत अन्य मांगें रखी। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान ने बताया इन मांगों को लेकर हमारा संगठन लंबे वक्त से मांग करते आ रहा है। सरकार केवल आश्वासन देती है। आंदोलन के पहले चरण में सोमवार को एक दिवसीय धरना और ज्ञापन सौंपने का कार्य हुआ। अगले चरण में फिर से धरना और हड़ताल की जाएगी। स्थानीय निकाय के लगभग ढाई लाख अध्यापकों का संविलियन किया जा चुका है। उसी तर्ज पर ग्राम पंचायत सचिवों का भी विभाग में संविलियन करने की कृपा हो। पंचायत सचिवों को समय वेतनमान का लाभ स्वीकृत किया गया है लेकिन विस्तृत दिशा निर्देश जारी न होने के उपरोक्त लाभ से वंचित हैं। पंचायत सचिव प्रतिदिन निर्माण कार्यों एवं योजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए सतत भ्रमण पर रहते हैं। ऐसी स्थिति में विशेष यात्रा भत्ता 250 के स्थान पर 2500 प्रतिमाह करने की कृपा करें। सचिव ग्राम पंचायत से अन्य जनपद की ग्राम पंचायत में पदस्थ होकर मकान किराए से लेकर अपनी सेवाएं दे रहे है, शासकीय कर्मचारियों की भांति गृह भाड़ा भत्ता दिए।

---

# न्यायालय परिसर में हुआ विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन, बांटे गए प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिला न्यायालय परिसर ए.डी.आर. सेन्टर के सभागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन एवं इंटर्नशिप के समापन उपरांत प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन, अध्यक्षता में एवं न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विजय कुमार पाठक सर की उपस्थिति में जिला न्यायालय नर्मदापुरम स्थित ए.डी.आर. हॉल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर मे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा प्रशिक्षुओं को वकील के अच्छे गुणों के बारे में बताया और न्यायपालिका में सेवा करने के अनुभव साझा किए एवं न्याय प्रणाली से अवगत कराया एवं संवैधानिक विषयो पर चर्चा की गई, न्यायाधीश एवं सचिव विजय कुमार पाठक सर ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य, मीडिएशन योजना, लोक अदालत योजना एवं अन्य योजनाओं के सबंध मे जानकारी प्रदान की गई। शिविर के अंत में प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए, सत्र के दौरान पीएम नर्मदा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस से कानून के छात्र डॉ. मयंक तोमर, केशुजा सोलंकी,मयंक दुबे, शिवनारायण कटारे, सौम्या दुबे, संकेत सेंगर, रिंकू वर्मा, सौम्या गुरु, प्रणीता मंडल, मुस्कान कुशराम, पंकज चौधरी,आदर्श चुटिले,राशि दुबे आदि प्रशिक्षु उपस्थित थे।

---

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई पुण्यतिथि, किया नमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर वार्ड क्रमांक 12 में बलिदान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में राजकुमार चौकसे, रामू चौहान, श्यामू पटेल, समर्थ चौरसिया, अंकित साहू, पंकज मेहरा, शुभम गोस्वामी, अविनाश पटेल, जतिन यादव जी एवं विशाल बावरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। हम सभी ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए बलिदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

---

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने की श्रद्धांजलि अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनसंघ के संस्थापक और भाजपा के वैचारिक पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सोमवार को भाजपा द्वारा सातरास्ता स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत जहाँ हुए बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा है के गगनभेदी नारों से हुई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के उस महान बलिदान को याद किया, जिसने देश की एकता और अखंडता के लिए नई दिशा दी। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने बलिदान दिवस पर सिवनी मालवा नगर मंडल बानापुरा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। नगर मण्डल में बूथ क्र-62 डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा परिसर में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, नपा अध्यक्ष नीतू यादव, जिला महामंत्री प्रसन्न हरने, मुकेश चंद्र मैना, लोकेश तिवारी, प्रशांत दीक्षित जी,अमित महालहा जी, ज्योति चौरे, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, रूपेश राजपूत, राहुल पटवा उपस्थित रहे ।




---

# नर्मदा कॉलेज में किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में सोमवार को महाविद्यालय रेडक्रॉस सोसाइटी एवं शहीद-ए-आजम भगत सिंह संस्था के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में लगभग 13 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। कुल 5.2 यूनिट रक्त शिविर में रक्त एकत्र हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ कमल वाधवा, महाविद्यालय रेड क्रॉस समिति नोडल डॉ धर्मेंद्र कोरी एनसीसी प्रभारी डॉ संतोष कुमार अहिरवार एनसीसी नेवल केयरटेकर डॉ दिवाकर महोबिया डॉ यास्मीन खान, डॉ. रवि उपाध्याय डॉ के जी मिश्र एवं शहीद ए आजम भगत सिंह संस्था के पदाधिकारी उपस्थित थे।

---

## प्रेसवार्ता : इस्कॉन मंदिर समिति 3 स्थानों पर निकालेगी रथयात्रा

# भारत के एक महान भक्त कृष्ण कृपा मूर्ति भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद के द्वारा स्थापित संस्था है इस्कॉन : प्रणवदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इस्कॉन मंदिर समिति द्वारा सोमवार को समाज में इस्कॉन संस्था के शुद्ध उद्देश्य के प्रति फैलाई गई गलत धारणाओं एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देने के हेतु से इस मीडिया संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन शहर के मीनाक्षी चौक स्थित इस्कान मंदिर में किया गया। इस दौरान नर्मदापुरम इस्कान संगठन के प्रमुख प्रणवदास ने बताया कि इस्कॉन विदेशी संस्था नहीं है, यह भारत के ही एक महान शुद्ध भक्त कृष्ण कृपा मूर्ति अभयचर्णारविंद भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद के द्वारा स्थापित की गई संस्था है। जिन्होंने अपने गुरु के द्वारा आज्ञा दिए जाने पर कृष्ण भक्ति का प्रचार करने के हेतु से विदेश गए और वहां इस्कॉन संस्था को स्थापित किया। इस दौरान उन्होने कहा कि इस्कॉन एक विश्वप्रसिद्ध संस्था है जिसने सम्पूर्ण विश्व में सनातन धर्म अथवा भगवान राधा कृष्ण की शुद्ध भक्ति एवं समर्पण का व्यापक प्रचार किया है और पूरे विश्व में करोड़ो लोगों के जीवन को भक्तिमय बना दिया है ।



### विदेश संस्था नहीं है इस्कान

प्रणवदास ने कहा कि इस्कॉन विदेशी संस्था नहीं है , ये भारत के ही एक महान शुद्ध भक्त कृष्ण कृपा मूर्ति अभयचर्णारविंद भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद के द्वारा स्थापित की गई संस्था है। अपने गुरु द्वारा आज्ञा दिए जाने पर वे कृष्ण भक्ति का प्रचार करने के हेतु से विदेश गए।

### निकलेगी रथ यात्राएं

संस्था में आयोजित संगोष्ठी में बताया गया कि इस बार इस्कॉन मंदिर नर्मदापुरम 3 जगह भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकालने जा रहे हैं। जिसमें 1 जुलाई को नर्मदापुरम में, 3 जुलाई को इटारसी में और 6 जुलाई को बुधनी में आयोजित कर रहे हैंर। मंदिर के भक्त जिसकी तैयारियां बड़े जोर शोर से कर रहे है।

---

# श्रीरामेश्वरम तीर्थ यात्रा के लिए खेड़ीपुरा से 150 श्रद्धालु रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

धर्म, सेवा और आध्यात्म की त्रिवेणी लेकर खेड़ापति भागवत समिति, खेड़ीपुरा इस वर्ष श्रद्धालुजनों को एक दुर्लभ आध्यात्मिक अवसर प्रदान कर रही है। समिति के तत्वावधान में 25 जून से 1 जुलाई तक पावन श्रीरामेश्वरम धाम में श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का दिव्य आयोजन किया जा रहा है, जो जन-कल्याण और आत्मिक जागरण के लिए समर्पित रहेगा।

इस पुण्य आयोजन की विधिवत शुरुआत 23 जून सोमवार को तीर्थयात्रा के शुभारंभ से हुई। आज, 23 जून को, खेड़ापति मंदिर, खेड़ीपुरा से 150 श्रद्धालुजनों का पहला जत्था भावभरी विदाई के साथ रामेश्वरम के लिए रवाना हुआ। मोहल्ले वासियों ने श्रद्धालुओं को फूल-मालाओं से सम्मानित कर उत्साहपूर्वक विदा किया। यह जत्था पहले बस द्वारा इटारसी पहुँचेगा और वहाँ से ट्रेन द्वारा पावन श्रीरामेश्वरम धाम के लिए प्रस्थान करेगा।

## खबर संक्षेप

### कार पलटी, वकील की मौत, 5 घायल

**बैतूल।** सारणी के नावघाट के पास रविवार रात वकीलों से भरी एक कार राजडोह टर्निंग पर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सलैया निवासी वकील सुरेश सुमन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार बसंत साकरे (सारनी), रामपत गुव्हाडे (शोभापुर), सतीश मालवीय, सूरज तिवारी (बगडोना) और राकेश महाले (सारनी) घायल हो गए। घायलों को घोड़ाडोंगरी और सारनी के अस्पतालों में भर्ती किया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के समय कार तेज रफ्तार में थी। कार में सवार वकील राकेश महाले ने बताया कि वे सभी नावघाट घूमने गए थे। लौटते समय नावघाट के पास स्थित राजडोह की टर्निंग पर कार का संतुलन बिगड़ गया और वाहन पलट गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक के मास्क में छिपे कोबरा का किया रेस्क्यू

**बैतूल।** शहर के रामनगर इलाके में रविवार रात बाइक के हैंडल मास्क में कोबरा छिपा मिला। बाइक मालिक गोपाल बर्डे को अचानक कुछ आवाज सुनाई दी तो उन्होंने पास जाकर देखा। हैंडल के भीतर से कोबरे की सरसराहट हो रही थी। परिवार घबरा गया और तुरंत सर्पमित्र को बुलाया गया। सूचना मिलते ही सर्पमित्र विशाल मौके पर पहुंचे और देखा कि बाइक के मास्क में कोबरा फंसा हुआ था और फुंफकार रहा था। रात के अंधेरे और संकरी जगह होने के बावजूद विशाल ने बिना समय गंवाए सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद कोबरा को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। रेस्क्यू के दौरान मोहल्ले के लोग भी मौके पर इक_l हो गए।कोबरा को पकडऩे के बाद विशाल ने उसे सुरक्षित स्थान पर जंगल में छोड़ दिया। विशाल विश्वकर्मा ने बताया कि बरसात के मौसम में सांप अक्सर गर्म और सूखी जगह की तलाश में घरों, वाहनों और अन्य संकरे स्थानों में घुस जाते हैं। ऐसे में सतर्क रहना जरूरी है। यदि किसी को सांप दिखाई दे तो खुद छेड़छाड़ न करें, तुरंत प्रशिक्षित सर्पमित्र या वन विभाग को सूचना दें।

### रानी दुर्गावती बलिदान दिवस आज

**बैतूल।** समस्त आदिवासी समाज संगठन के तत्वावधान में आज मंगलवार 24 जून को रानी दुर्गावती ऑडिटोरियम लाल बहादुर स्टेडियम के सामने सुबह 9 बजे से गोंडवाना साम्राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया जाएगा। बलिदान दिवस कार्यक्रम के माध्यम से रानी दुर्गावती के अद्वितीय शौर्य, पराक्रम और मातृभूमि के लिए दिए गए बलिदान को स्मरण किया जाएगा। समस्त आदिवासी समाज संगठन ने सभी समाजजनों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रानी दुर्गावती के बलिदान को नमन करें और युवाओं को उनके गौरवशाली इतिहास से अवगत कराएं। इस अवसर पर रानी दुर्गावती के जीवन, संघर्ष और बलिदान पर वक्ताओं द्वारा विचार रखे जाएंगे।

पुल-पुलिया के समीप हुए कटाव को अब तक नहीं भरा

# समस्या: बारिश से कटाव बढ़ने से प्रभावित हो सकता है मार्ग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बारिश से एक साल पहले जिन पुल-पुलिया का कटाव यानि पुल-पुलिया के किनारे से मिट्टी बही थी, उन्हें अभी तक नहीं भरा गया है। इससे भविष्य में पुलिया या सडक़ धंसने की संभावनाएं बढ़ गई है। शहर के कुछ स्थानों पर हालात यह है कि संकरे पुल-पुलिया के दोनों ओर कटाव है। इस कारण बारिश में दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। शहर के करबला घाट के दोनों ओर संकरे कटाव के कारण वाहनों के गिरने और अनियंत्रित होकर स्लिप होने की घटनाएं होती हैं।

यहीं हाल शहर के गंज क्षेत्र में मोक्षधाम के समीप के संकरे पुल के समीप भी है, यहां कटाव के कारण पहले भी बाइक सवारों को चोटें आ चुकी है और वाहनों की टूट-फूट की घटनाएं हुई हैं। बता दे कि शहर के कालापाठा, हमलापुर, गाड़ाघाट और करबला पुलिया के बगल में मिट्टी गायब हो गई है। करबला में तो पुलिया के ऊपर डामर ही रह गया है, नीचे से मिट्टी धंसक गई है। 6-6 फीट गहरे कटाव हो गए हैं। लेकिन नगरपालिका या पीडब्ल्यूडी ने किसी भी जगह पर मरम्मत नहीं करवाई है। इस कारण अधिकांश जगह अब बारिश में खतरा मंडरा रहा है। यहां पर बारिश में वाहनों के गिरने से दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

#### कई जगहों पर सड़क तक पहुंचा कटाव

व्यस्ततम सडक़ों की पुल-पुलिया पर मिट्टी के कटाव के कारण आवागमन जोखिम भरा गया है। जिसका कारण यह है कि पुल-पुलिया के समीप मिट्टी का कटाव सडक़ तक पहुंच गया है। ऐसे में समय रहते कटाव नहीं भरा तो बारिश में यह कटाव और बढ़ जायेगा। इस स्थिति में कोई भारी वाहन पुल-पुलिया से गुजरता है तो जमीन धंसने या सडक़ धंसने से बड़ा हादसा भी हो सकता है। करबला पुल के पास रोड के ऊपर डामर है, नीचे मिट्टी पूरी धंसक गई है। बारिश तेज हुई तो यहां पर बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं, क्योंकि यहां पर सामान्य कारों के साथ बस और ट्रक भी गुजरते हैं। यहां पर रेत की बोरियों की दीवार तक नहीं बनाई है। जिससे वाहन चालकों में इस पुल को पार करते समय हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है।

#### कुछ पुल-पुलिया निर्माण की मिली मंजूरी

\शहर की अंदरूनी और बाहरी सडक़ों पर बने पुल-पुलियाओं के किनारे मिट्टी के कटाव के कारण बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो गये है। खासकर गाड़ाघाट के समीप स्थित नाले पर पुल में कटाव होने से बारिश में बाढ़ का खतरा बना रहता है। गाड़ाघाट रोड पर पुल का निर्माण को भी मंजूरी मिल गई है। वहीं गंज से करबला तक सडक़ निर्माण भी स्वीकृत हो गया है। इन सडक़ों पर पुल निर्माण होने से बारिश में आवागमन बाधित नहीं होगी। इससे शहर की कारगिल चौक, अखाड़ा चौक, गाड़ाघाट होते हुए पुराने एनएच तक का आवागमन आसान होगा। लेकिन जिन पुल-पुलिया के निर्माण को स्वीकृति नहीं मिली है, ऐसे पुलिया से गुजरते समय वाहनों में हादसे का डर बना रहता है।

#### आधा दर्जन स्थानों पर यहीं स्थिति

शहर के आधा दर्जन से अधिक पुल-पुलियाओं पर मिट्टी के कटाव से बडे-बड़े गड्ढे बन गये है। कुछ पुलिया का कटाव सडक़ तक पहुंच गया है। जिसमें गाड़ाघाट पुलिया पर भी कटाव है, हालांकि इस पुल के निर्माण स्वीकृति मिल चुकी है, लेकिन इसके अलावा करबला घाट के पहले नाले के ऊपर की पुलिया, आरामशीन क्षेत्र में स्थित पुलिया के पास कटाव हो रहा है, यहां से मिट्टी गायब हो गई है, जबकि इस सडक़ पर कालापाठा का पूरा ट्रैफिक गुजरता है। गंज में मैकेनिक चौक के समीप नाले की पुलिया के ऊपर से कटाव है, यहां से रेलवे स्टेशन जाने वाले वाहन जाते हैं। माचना नदी के किनारे हमलापुर-मलकापुर मार्ग की पुलिया के बगल में भी कटाव हो रहा है।

#### प्रयास किया जाएगा

*पुल-पुलिया के किनारे मिट्टी का कटाव कहां-कहां हुआ है, इसकी जानकारी व्हाटसएप पर भेज दीजिए। मैं इस संबंध में नपा इंजीनियरों से चर्चा करता हूं, जो भी सुधार के लिए आवश्यक है, प्रयास किया जायेगा।*

*- सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल*

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित



**शाहपुर।** शाहपुर ब्लाक के ग्राम कुण्डी के नवरनढाना बूथ क्रमांक 150 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र की विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देकर उनको याद किया और उनकी जीवन शैली पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर शक्ति केन्द्र कुण्डी के प्रभारी संतोष राठौर, भाजपा वरिष्ठ नेता नर्मदा प्रसाद जोशी, सरपंच वीरेन्द्र सिंह उईके, जनपद सदस्य श्रीमती सरस्वती देवराज धुर्वे, उपसरपंच नत्थू लाल इवने, सरजू उईके, गणेश पाटनकर, सुधाकर कोसे, हरिओम यादव, रवि यादव,नवील वर्मा,कमल परते,मनीराम परते, एवं पंचगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आयोजित इस कार्यक्रम में उनकी याद में श्रद्धांजलि दी गई और उनके विचारों को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी जनप्रतिनिधियों ने वृक्षारोपण किया। यह पहल पर्यावरण संरक्षण और समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से की गई। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सभी ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया।

### दनोरा गांव का फोरलेन से टूटा संपर्क, महिलाएं पहुंचीं कलेक्ट्रेट

**बैतूल।** दनोरा गांव का संपर्क फोरलेन निर्माण के बाद से पूरी तरह बाधित हो गया है। पहले यह गांव एनएच-47 की टू लेन सडक़ से जुड़ा था, लेकिन बंसल कंपनी के फोरलेन बनाने के बाद रास्ता बंद कर दिया गया। इस समस्या से परेशान होकर सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं और संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि अब गांव में कोई यात्री बस नहीं आती। बैतूल और चिचोली से आने वाली बसें या तो गांव के बाहर रुकती हैं या फोरलेन से निकल जाती हैं। स्थिति यह है कि बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों को रात में 1 से 2 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ता है। महिलाओं ने बताया कि रात के समय असुरक्षा का भय रहता है। मडक़ मार्ग चंडी मंदिर के पास रास्ता खोलने की मांग भी ठुकरा दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि आसपास के अन्य गांवों को तो फोरलेन से जोड़ दिया गया, लेकिन दनोरा को नजरअंदाज कर दिया गया। चिचोली से आने वाली बसें अब जीन के पास ही रुकती हैं। बस कंडक्टर साफ कह देते हैं कि दनोरा नहीं जाएंगे। गांव के प्रतिनिधि मुकेश गलकर ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही दनोरा को फोरलेन से नहीं जोड़ा गया तो ग्रामीण फोरलेन पर चक्का जाम करेंगे। मामले में संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद ने बताया कि उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों और परिवहन विभाग के जिला प्रमुख से इस संदर्भ में चर्चा की है। यहां हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को कहा गया है कि वे गांव तक पहुंचने के लिए हाईवे से पहुंच मार्ग बनाएं।

बारिश शुरू होने से पहले ही लोहिया वार्ड की सड़क की दुर्दशा

## ठेकेदार और नगरपालिका की अनदेखी ने वार्डवासियों को किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बारिश शुरू होने से पहले ही लोहिया वार्ड की सडक़ की दुर्दशा को लेकर नगरपालिका को आगाह किया गया था, लेकिन समय रहते मरम्मत नहीं की गई। अब पहली ही बारिश में वह अंदेशा हकीकत में बदल गया है और वार्डवासी इस लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। संकरी गली में पाइपलाइन बिछाने के बाद सडक़ को मिट्टी से पाटकर छोड़ दिया गया था, जिसे दोबारा पक्का करने की जिम्मेदारी किसी ने नहीं निभाई।

नतीजा यह है कि अब यह सडक़ दलदल में तब्दील हो गई है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों, दुकानदारों और दोपहिया वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत वितरण कंपनी भग्गूढाना के पास स्थित संकरी गली में जब पाइप लाइन डाली गई, तब सडक़ को बीच से खोदकर मिट्टी से पाट दिया गया था। लेकिन दोबारा कंक्रीट या डामर से पक्का करना नगर पालिका और ठेकेदार दोनों ने जरूरी नहीं समझा। परिणामस्वरूप यह गली अब दलदल में बदल चुकी है, स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग, दोपहिया वाहन सवार और दुकानदार सभी कीचड़ से परेशान हैं। लोहिया वार्ड में स्थित दो किराना दुकानों पर कीचड़ की वजह से ग्राहक नहीं पहुंच पा रहे हैं। दुकानदारो ने बताया कि लगभग दो महीने से सडक़ की मरम्मत नहीं की गई है और अब बारिश शुरू होने से हालात और भी बदतर हो गए हैं। ग्राहकों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे दुकानदारी पर संकट आ गया है। इन



दुकानदारों का कहना है कि यदि जल्द सडक़ निर्माण नहीं हुआ तो उन्हें मजबूरी में दुकान बंद करनी पड़ेगी। इसी गली से स्कूल जाने वाले बच्चों को भी बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फिसलन और कीचड़ के कारण कई बच्चे गिर चुके हैं। बच्चों के माता-पिता रोज डर के साए में बच्चों को स्कूल भेज रहे हैं।।वार्डवासियों ने कई बार नगर पालिका को शिकायतें कीं लेकिन हर बार यही कहा गया कि यह ठेकेदार की जिम्मेदारी है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। संबंधित ठेकेदार की लापरवाही से पूरा वार्ड मुश्किल में है और अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो यह समस्या और विकराल हो सकती है।

विशाल पार्किंग, लिफ्ट और 300 दुकानों वाला कॉम्प्लेक्स बनेगा बैतूल की शान

## विधायक के प्रयासों से मंडी कॉम्प्लेक्स निर्माण को मिली रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल के हृदयस्थल गंज क्षेत्र में वर्षों से अधर में लटके बहुप्रतीक्षित गंज मंडी कॉम्प्लेक्स निर्माण को लेकर अब सारी अड़चनें दूर हो गई हैं। बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के विशेष प्रयासों से नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना को नया स्वरूप मिला है। अब इस भव्य शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की नई निविदा जारी कर दी गई है। अब 27 जून को इस महत्वाकांक्षी योजना के ई-टेंडर खुलेंगे।

वर्ष 2015 में विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा इस योजना की नींव रखी गई थी। उन्होंने गंज क्षेत्र में मौजूद सभी छोटे-बड़े व्यापारियों से बैठक कर उनकी आवश्यकताओं को समझा और एक सुव्यवस्थित, सुविधायुक्त और आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण की योजना को मूर्त रूप देने के लिए नगर पालिका को निर्देशित किया था। योजना का पहला टेंडर 2017 के अंत में जारी हुआ और निर्माण कार्य की शुरुआत भी की गई, लेकिन निर्माण कार्य बार-बार अटकता रहा। विभिन्न तकनीकी, प्रशासनिक और वित्तीय अड़चनों के चलते कार्य स्थगित होता रहा। पुरानी एसओआर दरें, बाजार में निर्माण सामग्री की महंगाई और ठेकेदार की असमर्थता जैसी समस्याएं सामने आईं, जिससे परियोजना अधूरी रह गई। परंतु विधायक हेमंत खंडेलवाल ने इसे एक चुनौती के रूप में लिया और इस प्रोजेक्ट को हर हाल में पूरा करने का संकल्प लिया। विधायक खंडेलवाल ने नगर पालिका के अधिकारियों के साथ कई बैठकें कीं और इस योजना को पूरी तरह से संशोधित कर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए। नए प्राक्कलन में बेसमेंट पार्किंग, लिफ्ट की सुविधा, हर ब्लॉक में व्यापारियों के लिए सुविधाजनक पहुंच और हाई क्वालिटी की सुविधाएं शामिल की गईं हैं। वर्तमान समय के अनुरूप योजना में जीएसटी दरों को भी समायोजित कर दिया गया है, जिससे अब कोई कानूनी या वित्तीय अड़चन शेष नहीं है। सभी पूर्व से व्यवसाय कर रहे चिन्हित दुकानदारों का व्यवस्थित व्यवस्थापन पूर्व अनुसार किया जायेगा। नगर पालिका द्वारा तैयार की गई संशोधित निविदा में लगभग 300 दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है।

#### 9600 वर्गफीट में बनेगी विशाल पार्किंग

*शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में विशाल पार्किंग एरिया होगा, जो 2758 वर्गमीटर यानी लगभग 29600 वर्गफीट में बनाया जाएगा। इस बेसमेंट पार्किंग में एक साथ 60 कार और 200 बाइक खड़ी की जा सकेंगी, जिससे क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही पार्किंग की समस्या का स्थायी समाधान होगा। 1826.32 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस आधुनिक कॉम्प्लेक्स में कुल 300 दुकानें बनाई जाएंगी, जिनमें एच ब्लॉक के अंतर्गत रामलीला मैदान क्षेत्र में 460 वर्गमीटर लगभग 10 हजार स्क्वायर फीट में फैले इस भाग में ओपन आडोटोरियम रामलीला मंच तथा पूरा क्षेत्र कवर्ड रहेगा। व्यापारियों को सुव्यवस्थित व्यापार की सुविधा मिलेगी। योजना में अत्याधुनिक लिफ्ट, प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन की पूरी व्यवस्था के साथ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी सुनिश्चित की गई हैं, जिससे यह कॉम्प्लेक्स बैतूल के गंज बाजार क्षेत्र को पूरी तरह आधुनिक रूप देने की ओर अग्रसर है।*

#### व्यापारिक आवश्यकताओं का रखा गया ध्यान, टेंडर प्रक्रिया पूरी

*विधायक हेमंत खंडेलवाल की लगातार मॉनिटरिंग और प्रयासों से यह प्रोजेक्ट अब मूर्त रूप ले रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी के निर्देशन में तकनीकी टीम द्वारा एसओआर के अनुसार पूरा संशोधित प्लान तैयार किया गया है और उसमें सभी आधुनिक व्यापारिक आवश्यकताओं का ध्यान रखा गया है। गौरतलब है कि गंज मंडी कॉम्प्लेक्स की योजना एक दशक से व्यापारियों की प्रतीक्षा का केंद्र बनी हुई थी। अधूरा निर्माण व्यापारियों की निराशा का कारण बने हुए थे। लेकिन अब जब इस प्रोजेक्ट को पुनः प्रारंभ करने की स्वीकृति मिल गई है और टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।*

### अंतरराष्ट्रीय नशा दिवस पर युवाओं ने ली नशामुक्त भारत की शपथ



**बैतूल।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में अंतरराष्ट्रीय नशा दिवस के उपलक्ष्य में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाइयों द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे के संरक्षण में किया गया। कार्यक्रम में जिला संगठक डॉ. सुखदेव डोंगरे, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शंकर सातनकर, प्रो. गीता माली, प्रो. योगेश्वरी पवार, प्रो. संतोष पवार एवं डॉ. गोपाल प्रसाद साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच नशामुक्ति विषय पर निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में खुशी पारखे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान कशिश धाड़से को और तृतीय स्थान खुशी सिरसाम को मिला। वहीं, निबंध प्रतियोगिता में कशिश धाड़से ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान कीर्ती अडलक और तृतीय स्थान अनुज धुर्वे को मिला। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं उपस्थित विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत की शपथ ली और नशे के खिलाफ समाज में जागरूकता का संकल्प लिया।

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित

## सीमांकन, नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में विलंब बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बंटवारा, सीमांकन, नामांतरण, राजस्व प्रकरणों के निराकरण में विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन की सभी योजनाओं और कार्यक्रमों में जनसामान्य को समय पर सीधा लाभ मिले। इसके लिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ करें।

यह निर्देश कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय सभागार में आयोजित समय सीमा की बैठक में दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करने के निर्देश सभी विभागों को दिए। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक की शिकायतों के निराकरण पर भी सभी अधिकारी विशेष ध्यान दें। कोई भी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में कोताही न बरते। उन्होंने एग्रीकल्चर, स्कूल शिक्षा विभाग, लेबर, सामाजिक न्याय विभाग, टेक्निकल एजुकेशन, ट्राइबल वूमेन चाइल्ड डिपार्टमेंट को सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक शिकायतों वाले विभाग प्राथमिकता से अपनी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं।




#### अंत्येष्टि, अनुग्रह सहायता के प्रकरणों के निराकरण में लाए प्रगति

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने पीएचई विभाग की समीक्षा के दौरान जिले में हर घर नल से जल में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा कर सभी नपा सीएमओ को योजना के तहत बनाए गए आवास पूर्ण होने पर पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीओ तथा संबंधित अधिकारियों को नामांकन, सीमांकन, डायवर्सन, बटवारा के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर श्री सूर्यवंशी टेक्निकल एजुकेशन, वूमेन चाइल्ड, पब्लिक हेल्थ, लेबर डिपार्टमेंट सहित अन्य विभागों को रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने नजूल पट्टों, धारा 20 केसेस, भूमि आवंटन केस, वसूली के कार्यों की भी समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

#### ई-ऑफिस व्यवस्था के तहत फाइल्स का करें संचालन

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि कोई भी विभाग अब हार्ड कॉपी में फाइल का संचालन नहीं करेगा। सभी विभाग ई ऑफिस व्यवस्था के तहत फाइल्स का संचालन करें। सभी अपने कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली को गति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन अभियान की गतिविधियां सतत जारी रहे। अभियान के कामों की विस्तृत जानकारी निर्धारित पोर्टल पर भी अपलोड करें। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन को टीकाकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी सीएमओ और जनपद सीईओ को समग्र ई-केवाईसी में प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**संक्षेप खबर**

## पटना में आयोजित कार्यक्रम पहुंचे जायसवाल



पिपरिया। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्वविधायक हरिशंकर जायसवाल पटनाजिले जयसवाल समाज के महासंघ केकार्यक्रम शामिलहुए वहां पर नेपाल केमंत्री प्रमोद कुमार तथाकेविहार के उपमुख्यमंत्री तारकेश्वरसिह की उपस्थिति मे अपने उद्बोधन में उन्होंकिहिंदू धर्म संस्कृति समाज की सेवा व सुरक्षा मुख्य दे होना चहिए उन्होंने कहा कि राष्ट्रभक्ति हिंदूरष्ट्र संगठन आत्मक कार्य शैली सेवा व संस्कार पर आधारित अनेक विषयों पर मार्गदर्शन दिया दो दिवसीय कार्यक्रममे शामिलहुए जिसमें उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने के लिए युवाओंको आगे आने का आवाहन किया। उन्होंने कहा किसमाज एकत्रित होने की आज काफी आवश्यकता है। समाज की उपलब्धि रैली से होतीहै। समाज के उत्थान के लिए महिला एवं बच्चों को भी आगे आनाहोगा। यह सामाजिक पहला कार्यक्रम था जहां पर अन्य राज्यों के जनप्रतिनिधि शामिल हुए थे।

### जनप्रतिनिधियों ने मानी सफाईकर्मियों की शर्तें, समाप्त हुई हड़ताल

# नप सफाई कर्मियों को मिला मई माह से बढ़ा वेतन, किश्तों में मिलेगा एरियर्स

**सोहागपुर नगर परिषद के सफाई कर्मियों की हड़ताल सोमवार को समाप्त हुई। नप जनप्रतिनिधियों व हड़ताली नपकर्मियों में सोमवार सुबह चर्चा उपरांत मांग स्वीकार की गई तो सफाईकर्मी काम पर लौटे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर नपाध्यक्ष लता पटेल, अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल एवं उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को माना जा रहा है। जिनमें वेतन वृद्धि लाभ, समय पर वेतन देना, एरियस भुगतान की मांगें मुख्य रूप से शामिल हैं। सोहागपुर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल ने बताया कि सोमवार सुबह उन्होंने सफाई कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ नगर परिषद कार्यालय में बैठक की। उन्होंने बताया कि सभी सफाई कर्मियों के खातों में वेतन भुगतान हो रहा है तथा अन्य मांगें भी मानी जा रही हैं। जिसके बाद सोमवार सुबह 10:30 बजे यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी तथा पूर्व पार्षद राकेश चौरसिया ने हड़ताली कर्मचारियों से भेंट की एवं मांग पूर्ति की बात कही। जिसके बाद कर्मचारी काम पर लौट गए हैं।

### ये मांगें हुई पूरी

सोहागपुर नप सूत्रों के अनुसार मई 2025 माह से सभी कर्मियों को वेतन वृद्धि का लाभ दिया जा रहा है। मई की बढ़ी हुई मासिक पेमेंट नपकर्मियों के खातों में डाली जा चुकी है। तथा किश्त में एरियर की राशि के भुगतान पर दोनों पक्षों में सहमति बनने की बात सूत्र बता रहे हैं। बताया जाता है कि कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ जिस दिनांक से मिलना है, तब से अब तक शेष एरियर की राशि का भुगतान प्रारंभ किया जाएगा। एरियर भुगतान कर्मचारियों के खातों में कम से कम तीन किश्तों में करने की जानकारी नप सूत्रों ने दी है।

### 96 घंटे शहर बना रहा डस्टबिन

उल्लेखनीय है कि छह जून की सुबह से सोहागपुर नप सफाईकर्मियों ने हड़ताल प्रारंभ कर दी थी। जिसके बाद से शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए। शहर में सफाई व्यवस्था बाधित होने पर नागरिक बहुत परेशान हुए। बाजार क्षेत्र में कचरे के ढेर लग गए। 96 घंटे बाद सोमवार सुबह नप के जनप्रतिनिधियों व सफाईकर्मियों के प्रतिनिधि मंडल के बीच समझौता हुआ, तो सफाईकर्मी काम पर लौटे व शहरी स्वच्छता का कार्य प्रारंभ किया।

## पुलिया न बनने से 6 गांव का आवागमन होगा प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायतकी ग्राम पंचायत हथवास जमडारोड पर पुलकआ निर्माण लगातार 2 वर्ष से चल रहाहै। लेकिन ठेकेदारके द्वारा कछुआ गति से कमकिया जा रहा है। जिसके कारण ग्राम पंचायतसुरेल कला से ठेंगा वानी पौड़ी चंदेरी वढैयाखेडी खापरखेड़ा कजरौटा आदि गांव के लोगों का बरसात के दिनोंमे आवागमन प्रभावित हुआ। ग्राम वासियों ने बताया कि अभीथोड़ी सी बरसात में ही फोर व्हीलर टूव का निकलना मुश्किल हो गया है। जिसके कारण आठ गांव प्रभावितहो रहे हैं। केद्वारा काली मिट्टी डाल दी गई है कि जिसके कारण लोग फिसल रहेंहैं। भारी बरसातमे लोग नदी नालोंमेंबहते नजर आएंगे।

लेकिन प्रशासन केदारा अभी तक इस बारे में कोई व्यवस्था नहीं की गई है। विशेष तौर से स्कूल खुलने वाले है। बच्चोंको आनेजने में परेशानीका सामना करना पड़ा तो पढ़ाई से वंचित हो जाएंगे।

## बरसात से शहर में हाईवे पर कई जगह परेशानी का आलम

**सोहागपुर।** बरसात दौरान शहरी क्षेत्र में स्टेट हाईवे के तीन स्थानों पर नागरिकों को बहुत परेशानी होती है। एक स्थान निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल के सामने है। जहां बरसात में बहुत पानी भर जाता है।





हाईवे स्थित रामगंज मोड़ की पुलिया सड़क निर्माण दौरान भुला दी गई। दो दशक पूर्व तक पुरानी रोड की पुलिया से बरसाती पानी निकल जाता था। लेकिन नई सड़क बनी तो पुलिया दब गई व अब बरसाती पानी की निकासी की राह अवरुद्ध होती है।

गौतम वार्ड में हाईवे के चौड़ीकरण के लिए तीखे मोड़ पर कायाकल्प रोड बनाई गई। लेकिन नगर निकाय ने बरसाती पानी की निकासी व्यवस्था नहीं की। और इसीलिये पूरे बरसाती मौसम में यहां गंदा पानी भरा रहता है।



## विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को वितरित किए गए निशुल्क स्कूल बैग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में पचमढ़ी के सांदीपनी विद्यालय सभागार में प्राइमरी कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक के सभी 85 विद्यार्थियों को अशोक मांडले के एनजीओ लक्ष्य एवं मध्य भारत युवा शक्ति द्वारा प्राचार्य मनीष गुप्ता हेडमास्टर राजेश सूर्यवंशी एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में निशुल्क स्कूल बैग एवं शासन द्वारा प्रदान गणवेश वितरित किए । इसके साथ ही आंगनवाड़ी नर्सरी स्कूलों में फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

भोपाल के अर्पण नेत्रालय एवं प्रसूतिगृह के प्रसिद्ध एवं राज्यपाल द्वारा सम्मानित प्रोफेसर डॉ हरपाल सिंह, डॉ श्रीमती पूजा सिंह द्वारा 250 लोगो के मशीन द्वारा नेत्रों एवं महिला रोगों की जाँच आंगनवाड़ी नर्सरी स्कूल वार्ड क्रमांक 4 में हुई इस दौरान मेडिकल हेल्थ परीक्षण और निशुल्क दवाईयां एवं नज़र के चश्मे प्रदान किए कुछ रोगी मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए उन्हें सर्जरी की सलाह दी और भोपाल नेत्रालय में इनके निशुल्क ऑपरेशन हेतु व्यवस्था कराई महिला बाल विकास पर्यवेक्षक श्रीमती रजनी वर्मा, कार्यकर्ता सुनीता नागवंशी, विमला चौधरी रेखा नौरिया, राधा कुशवाह, अर्चना बेलवंशी, सुमित्रा जाटव, गीता श्रीवास, रोशनी मेहरा ने अतिथियों का स्वागत फूल गुलदस्ते से किया और अगले कैम्प आयोजित करने हेतु आग्रह किया । श्री अशोक मांडले ने भविष्य में ऐसे आयोजन पुनः करने का आश्वासन दिया ।समाजसेवी श्री अशोक मांडले द्वारा प्रतिवर्ष अनेकों शैक्षिक सामाजिक एवं सुरक्षा संबंधी कार्यशालाओं का आयोजन विभिन्न गांवों एवं शहरों में निरंतर सम्पादित किए जाते है उनके जनसेवा कार्य हेतु शहर के आमजनों ने आभार व्यक्त किया ।

## पेंशनर एसोसिएशन ने पेंशनरो को उनके निवास पहुंचकर शाल श्रीफल से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन माखन नगर के द्वारा दिनांक 21 जून 2025 को पेंशनर के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया था उसमें 80 प्लस वाले पेंशनर जो उपस्थित नहीं हो पाए थे उनके निवास पर पेंशनर संघ के अध्यक्ष आर. एच. चौरे, संरक्षक एस.एल, चौरे महेश वर्मा जी,श्री एस के दुबे एवं हरिओम मालवीय द्वारा शाल श्रीफल से उनके निवास पर जाकर स्वागत और सम्मान किया गया। सर्वप्रथम पेंशनर संघ के सचिव अवध नारायण जी द्विवेदी के निवास पर जाकर शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया तदोपरांत रमेश मिश्रा शिक्षा विभाग से सेवानिवृत, रमेश पचौरी शिक्षा निवास से सेवानिवृत, एवं पीएनगुरु साहब जो की पेंशनर संघ के संचालक हैं एवं पुलिस विभाग से सेवानिवृत डीएसपी हैं का सम्मान किया गया।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष बने संतोष गुरू



**सिवनी मालवा।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन नर्मदापुरम द्वारा माखन नगर में पेंशनरों का सम्मान किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह ठाकुर पूर्व विधायक बुधनी ने सभी पेंशनर साथियों का पुष्पमाला एवं शाल द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया गया। सोहागपुर के विधायक विजयपाल सिंह राजपूत ने पेंशनर साथियों को विचार मंथन एवं कार्यक्रम हेतु एक कार्यालय दिया गया। इसी गरिमामय कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह ठाकुर के द्वारा संतोष कुमार गुरु सिवनी मालवा को अध्यक्ष पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का नियुक्ति पत्र प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष की सहमति से सौंपा गया। पेंशनर एसोसिशन माखन नगर द्वारा स्वल्पाहार जलपान आदि की द्वारा सभी पेंशनर साथियों का आत्मीय स्वागत किया गया ।संतोष गुरु के पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन तहसील सिवनी मालवा अध्यक्ष बनने पर रामबाबू झेर वार, राम सिंह रघुवंशी , दिलीप साठे, महेश कुराडिया स्वागत कर शुभकामना दी।

## देनवा गार्डन में जारी श्री राम कथा महोत्सव, श्रीराम वनवास की कथा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नगर के देनवा गार्डन में जारी श्री राम कथा महोत्सव में सोमवार को कथा व्यास ने श्री राम वनवास प्रसंग पर कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि राम ने वनवास स्वीकृत कर आदर्श पुत्र होने का प्रमाण दिया। कथा व्यास पंडित तरुण तिवारी ने कहा कि श्री राम का वनवास गमन सनातन संस्कृति में एक पुत्र के द्वारा पिता के आदेश के पालन का शीर्ष प्रमाण है। जिसमें एक रात्रि पूर्व पुत्र का राज्याभिषेक तय हुआ। लेकिन दूसरे ही दिन पुत्र के वनवास पर जाने की स्थिति बनी। जिसे राजा दशरथ के पुत्र राम ने सहर्ष स्वीकार किया। क्योंकि यह पिता के वचन के पुत्र द्वारा पालन का प्रसंग था। कथा व्यास पंडित तरुण तिवारी ने कहा कि संपूर्ण श्री रामचरितमानस एक मनुष्य के आदर्श व्यक्तित्व होने का प्रमाण है। जिसमें यह बताया गया है कि राजा को, राजा के पुत्र को, पति को, भार्या को, अनुज को सनातन संस्कृति के पालनार्थ से किस तरह का व्यवहार करना चाहिए। इस दौरान कथा श्रवणार्थ बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

## कुसुम महाविद्यालय में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम में अभी फिलहाल में हुए स्थानांतरण प्रक्रिया के अंतर्गत महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक रमाकांत सिंह एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ अनुराग पाठक स्थानांतरण अपने गृहक्षेत्र हो गया है 1 जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी के निर्देशन में विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया 1 इस कार्यक्रम सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

प्राचार्य एवं समस्त महाविद्यालय सदस्य द्वारा रमाकांत सिंह एवं अनुराग पाठक सर का पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर शानदार स्वागत किया गया 1 और महाविद्यालय परिवार की ओर से जीवनदायिनी मां नर्मदा का छायाचित्र एवं गिफ्ट प्रदान किए गया 1 अगले चरण में प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन ने कहा कि सर्वप्रथम आप दोनों को स्थानांतरण बहुत-बहुत शुभकामनाएं और स्थानांतरण आपके लिए नए तरीके से चमकने का समय है। हर पल का आनंद लें, और उम्मीद है कि यह आपके लिए उतना ही शानदार होगा जितना आपका यहाँ बिताया गया समय रहा है। हमने एक साथ बहुत सारी यादें और उपलब्धियाँ साझा की हैं। अब जब आप स्थानांतरण हो रहे हैं, तो जान लें कि हमारे दिलों में आपके लिए हमेशा एक विशेष स्थान रहेगा। आप दोनों ने बड़े संघर्ष से अपने जीवन यात्रा शुरू कर आज उत्कृष्टता के ओहदे पर पहुंचकर जो यश अर्जित किया है वहां उनकी ताउम्र परिश्रम की तपस्या का प्रतिफल है।

महाविद्यालय में आपका समर्पण आपकी कार्यशैली आपकी कर्मकता ने महाविद्यालय को एक नई पहचान दी है आपको पुनः हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं 1 वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ कल्पना स्थापक ने शुभकामना देते हुए कहा कि विदाई के अवसर पर, अलविदा कहना हमेशा दुखद होता है, लेकिन यह एक नई शुरुआत का भी प्रतीक है। आपके भविष्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

## अभा साहित्य परिषद के अधिवेशन में शामिल हुए जिले के साहित्यकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

ग्वालियर में 21 तथा 22 जून को अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांत का प्रांतीय अधिवेशन हुआ। जिसमें मध्य भारत प्रांत के साहित्यकार बड़ी संख्या में शामिल हुए। 'उभरते भारत का रचना संसार' विषय पर आधारित इस अधिवेशन में नर्मदापुरम जिले के साहित्यकार भी सम्मिलित हुए। अखिल भारतीय साहित्य परिषद मध्य भारत प्रांत अध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव, महामंत्री आशुतोष शर्मा, अधिवेशन संयोजिका डॉ. नुसरत मेहंदी ने बताया कि उक्त अधिवेशन में मध्य भारत प्रांत के 15 से अधिक जिलों से परिषद के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित नव साहित्यकार शामिल हुए।

### भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रत्येक बूथ पर मनाया गया बलिदान दिवस

# भाजपाईयों ने डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सभी बूथों पर तथा ग्राम पंचायत के सभी बूथों पर भारतीय जनता प की स्थापना करनेवले प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवसमनयामा प्रभारीबतायालिया ने बताया सभी बूथों पर एक-एक वक्तानियुक्तकए गए थे। महिलामोर्चा युवा मर्चा नगर मंडल ग्रामीण मंडल सभी जनप्रतिनिधि संगठनक पूर्व पदाधिकारी वर्तमान पदाधिकारी सभी जनप्रतिनिधि जनपद अध्यक्ष नगर पालिकाअधयक्ष उपाध्यक्ष सभी पार्षद सभी जनपद सदस्य विधायक महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारी युवा मोर्चा नगर मंडल सभी पदाधिकारी कार्यक्रमोंमे रहे सभी के द्वारा श्यामा प्रसादमुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए वक्ताओं द्वारा उनके जीवन पर प्रकाशगया देश के प्रधानमंत्री के द्वारा विकासभिरत के अतर्गत जो कार्यक्रम किएजारहे हैं। उनकी जानकारी भी दी गई। भारतीय जनता पार्टी की मध्य प्रदेश एवं केंद्र की सरकार की योजनाओं की जानकारीभी जनता तक पहुंचाने की बात कही गई।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद



**माखन नगर।** नगर मंडल में बूथ क्रमांक 89, भाजपा के पितृ पुरुष डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने पूजन किया माल्यार्पण कर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने डा मुखर्जी के जीवन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी संजय अग्रवाल निखिलेश चतुर्वेदी संतोष परसाई आशीष गुरु अभिषेक मिश्रा महेश साहू सूरज मालवी महेंद्र दुबे राजेंद्र राजपूत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हुई पात्र बुजुर्ग महिला हितग्राही, अन्य हितग्राही को दिया योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पाली में सरपंच पति एवं सचिव राजेंद्र पाराशर रोजगार सहायक सेक्टर अधिकारी जनपद योजना प्रभारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों की मिली भगत से प्रधानमंत्री आवास में फर्जी वाडा किया गया है। ग्रामपंचायत निवासरत जीजजो बाई उम्र 84 साल जाति कतीया का वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री आवास में स्वीकृति के बाद रोजगार सहायक के दारा जिओटेक कियाथा। तथा वर्ष 2024मे सचिव सरपंच पति की मिली भगत से इस बुजुर्ग महिला का पीएम आवास एक 26 वर्षीय इसी नाम की महिला को दे दिया गया। जब लोगो से चर्चाकी गई तो उन्होंने बताया कि जिस महिला के नाम से पीएम आवास स्वीकृत हुआ था। उसे महिलाका आवास इस नाम की दूसरी महिला को दे दिया गया। तथा इस 84 वर्षीय महिला का नाम नए सर्वेमे जोड़ने का आश्वासन दिया जा रहा है। इस तरह से ग्राम पंचायत में पीएम आवास में फर्जी वाडाकिया गया है। जिस महिला को पीएम आवास दिया गया है। उसे महिलाका विवाह हथवास पिपरिया में हुआ था।पर सचिव राजेंद्र पाराशर ने नाम नहीं हटाया ना समग्र आईडी से नाम हटाया गया। कुल मिलाकर प्लान के तहत बुजुर्ग महिला को आवास योजना से वंचित किया गया है। 84 वर्षीय महिला नाम आज भी पोर्टल पर दिखाई दे रहा है। जिसकी सामग्र आई डी अलग हो चुकी है महिला विधवा है उसके बादभी लाभ नहीं दिया गया है। इस कीजांच करने की बात कही गई। जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमन खातिर कर शेष बारे में चर्चा की गई तो उन्होंने मामले कीजाच करने का आश्वासनदिय। है। दोषी पाए गएलोगों पर कार्यवाही करने एवं वसूली की बात कहीहै। ग्राम वासियों का कहना है कि सचिन के द्वारा दूसरी किस्त भी डाल दी गई है। तीसरी किस्त रोकने कीकही गई है।

## खबर संक्षेप



### सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण प्रशिक्षण

**हरदा।** आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की पूर्व तैयारियों के अन्तर्गत राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनरों ने सोमवार को जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं शेष विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को बीएलओ के कार्य एवं मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबंधित प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग से प्रशिक्षण प्राप्त बीएलओ भी सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण में जिले की सभी तहसीलों के तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सतीश राय ने बताया कि आगामी 3 जुलाई से जिले के सभी बूथ लेवल आफिसरों को कार्ययोजना अनुसार 1 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### जिला जनसंपर्क अफसर ने पदभार ग्रहण किया

**खंडवा।** बृजेंद्र शर्मा ने सोमवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय खंडवा



में जनसंपर्क अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। उनका स्थानांतरण जनसंपर्क विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा हाल ही में जिला जनसंपर्क कार्यालय हरदा से खंडवा किया गया है। शर्मा इससे पूर्व मंदसौर, नीमच, खंडवा, अशोकनगर, श्योपुर, नर्मदापुरम, गुना, भोपाल और हरदा जिलों में जनसंपर्क विभाग के विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं।

### महिला समेत 7 घायल

**सीहोर।** मंडी थाना क्षेत्र के ग्राम मनाखेड़ा में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। इस घटना में 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला समेत 7 लोग घायल हुए हैं।

---

### स्टेशन सौंदर्यीकरण व यात्री सुविधा विस्तार के लिए हटाया गया अतिक्रमण

# रेलवे स्टेशन के सामने स्थित 37 दुकानों को जेसीबी से जमींदोज किया

**अतिक्रमण हटाए जाने से आम जनता में प्रसन्नता का माहौल, कांग्रेस विधायक ने किया विरोध**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा





हरदा रेलवे स्टेशन के सामने स्थित 37 दुकानों को सोमवार सुबह जिला प्रशासन ने हटा दिया। इस कार्रवाई में एक पोकलेन और तीन जेसीबी मशीनों का इस्तेमाल किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। नगर पालिका, राजस्व और पुलिस विभाग के 400 से ज्यादा कर्मचारियों ने दो घंटे में ये कार्रवाई पूरी की। अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पालिका ने एक महीने पहले दुकानदारों को नोटिस जारी किया था। जिसके बाद दुकानदार कोर्ट गए, जहां उनसे दुकानों के आधिपत्य के दस्तावेज मांगे गए। किसी ने भी आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं किए। कुछ लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई से पहले खुद के हाथों से अपनी दुकानें तोड़ ली। भोजनालय और पान की दुकान चलाने वाले पंकज शर्मा ने बताया कि प्रशासन की कार्रवाई से पहले ही उन्होंने अपनी दुकान स्वयं तोड़ दी। उन्होंने कहा कि अब परिवार के भरण-पोषण की चिंता सता रही है। उधर शहर के लोगों का कहना है कि शहर के विकास के लिए अतिक्रमण हटाना जरूरी है। लोगों को रोजगार कहीं और मिल सकता है, लेकिन रेलवे स्टेशन की सौंदर्यता को लेकर जो काम चल रहा है, उसमें यह अतिक्रमण बाधक बन रहा था।

राजस्व, पुलिस एवं नगर पालिका के संयुक्त दल ने सोमवार को हरदा रेल्वे स्टेशन मुख्य प्रवेश द्वार से होटल एनराइज तक की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान एसडीएम हरदा कुमार शानु देवड़यि, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार, तहसीलदार राजेन्द्र पंवार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। सहायक मण्डल इंजीनियर हरदा ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यात्री सुविधाओं का विस्तार तथा स्टेशन सौन्दर्यीकरण का कार्य जारी है। अतिक्रमण हटने से स्टेशन के नये सरक्यूलेटिंग एरिया का विकास, प्लेटफार्म नम्बर-1 का विस्तार तथा नये प्रवेश द्वारों का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्टेशन से निकलने एवं प्रवेश करने में यात्रियों को सुगमता होगी। साथ ही स्टेशन का पूर्ण सौन्दर्यीकरण हो सकेगा जो शहर के सौन्दर्य का केन्द्र बिन्दु होगा। उधर अतिक्रमण हटाने के बाद हरदा शहर के लोगों में खुशी का माहौल है, जबकि कांग्रेस विधायक आर के दोगने ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की यह कार्यवाही मानवता को शर्मसार करने वाली है।

---

### शव रख परिजनों ने किया विरोध प्रदर्शन

## चाकूबाजी की घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

**आरोपी युवक को फांसी देने की मांग, अधिकारियों ने कहा संभव मदद करेंगे**

बीती 14 जून की रात को नगर में हुई चाकूबाजी की घटना में घायल युवक की रविवार को भोपाल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव हरदा लाया गया। अंतिम यात्रा के दौरान सैकड़ों महिलाएं और पुरुष कलेक्ट्रेट पहुंचे और करीब एक घंटे तक प्रदर्शन किया। मृतक विशाल की पत्नी और माता-पिता ने उसके दो मासूम बेटों को गोद में लेकर आरोपियों को फांसी देने की मांग की। बता दें कि शुक्ला कॉलोनी निवासी विशाल कैथवास (29) घटना की रात साढ़े ग्यारह बजे स्कूटी से घर जा रहे थे। छीपानेर तोड़ पर सन्नी राजपूत और उसके चार साथियों ने उसे रोका। उन्होंने शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। विशाल के मना करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। सन्नी राजपूत ने उसके पेट में चाकू घोंप दिया। परिजन विशाल को जिला अस्पताल ले गए। मृतक के भाई आकाश के अनुसार, जिला अस्पताल में बिना जांच के टांके लगा दिए गए। हालत में सुधार न होने पर बघेल हॉस्पिटल ले गए। वहां भी उचित इलाज नहीं मिला। स्थिति बिगड़ने पर भोपाल रेफर किया गया। भोपाल में उसे 20 से ज्यादा खून की बोतलें चढ़ाई गईं और वेंटिलेटर पर रखा गया। विशाल तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। वो हम्माली कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में माता-पिता, दो भाई, पत्नी और दो बच्चे हैं। एक बच्चा तीन साल का है और दूसरा छह महीने का। सिटी कोतवाली पुलिस ने सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी सन्नी राजपूत क्षेत्र में लोगों को धमकाने का काम करता था। 16 जून को जिसका छीपानेर रोड़ पर जुलूस निकालने के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

#### पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग की गई

दो बच्चों को गोद में लेकर पत्नी और पिता ने मांगा न्याय प्रदर्शन के दौरान विशाल की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की गई। पत्नी शीतल कैथवास ने आरोप लगाया कि उसके पति पर पांच लोगों ने सिर्फ इसलिए हमला कर दिया क्योंकि उसने शराब के लिए पैसे देने से इनकार कर दिया था। शीतल ने कहा- मैं सिर्फ 27 साल की हूं, मेरे दो मासूम बेटे हैं। अब मैं इन्हें कैसे पालूंगी? मेरे पति हम्माली कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। सरकार से मांग है कि मुझे नौकरी दी जाए ताकि मैं अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित कर सकूं। अंतिम यात्रा के दौरान मृतक के वृद्ध पिता शिवप्रसाद कैथवास भी बेटे को न्याय दिलाने की गुहार लगाते रहे। मौके पर पहुंचे टीआई प्रह्लाद सिंह मर्सकोले ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे कलेक्टर से मिलने की जिद पर अड़े रहे। बाद में एसडीएम कुमार शानू देवड़िया और एडीएम सतीश राय पहुंचे और परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

**इनका कहना**

आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और एससी-एसटी एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। शासन के नियमानुसार पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द सहायता दिलाई जाएगी।
**सतीश राय,** अपर कलेक्टर हरदा

---

## हर महीने 10 तारीख से पहले मिलेगा वेतन



**हरदा।** नगर पालिका में सोमवार को हुई परामर्शदात्री समिति की बैठक में कर्मचारियों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सीएमओ ने सभी प्रस्तावों पर सहमति जताते हुए उन्हें जल्द लागू करने का आश्वासन दिया। बैठक में तय किया गया कि नियमित, विनियमित और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को हर माह की 10 तारीख से पहले वेतन दिया जाएगा। नगर पालिका अपने खर्च पर सभी कर्मचारियों का 10 लाख रुपए का दुर्घटना समूह बीमा कराएगी। वाहन ड्राइवरों को गणवेश दिया जाएगा। सफाई कर्मचारियों और फील्ड में काम करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को रेन कोट और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। पात्र कर्मचारियों को अकुशल से कुशल श्रेणी में पदोन्नत किया जाएगा। कर्मचारियों को वर्ष 2023 के चार महीने और 2024-25 के दस महीने का एरियर जल्द दिया जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट फैसले के अनुसार विभागीय डीपीसी बुलाकर कर्मचारियों की पदोन्नति की जाएगी। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख जितेंद्र सोनी, जिलाध्यक्ष मुकेश धामनदेकर, जिला उपाध्यक्ष शिवकुमार सोलंकी, मुकेश निकुम और भारतीय सफाई मजदूर संघ के जिला महामंत्री शिवम कंडारे मौजूद रहे।

## कमोदवाड़ा के युवक की करंट लगने से मौत



**झिरन्या।** कमोदवाड़ा के युवक राजा पिता अमरसिंह, जाति भील उम्र 22वर्ष की इंदौर में भवन निर्माण के दौरान मंगलवार को करंट लगने से मृत्यु हो गई। वह तिरुमला प्राइट मेंटेनेन्स सोसाईटी भानगड़,ग्राम भंगिया (थाना हीरानगर) के निर्माणाधीन भवन में बेलदारी का कार्य कर रहा था। उसके परिजनों ने ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि सम्बंधित ठेकेदारों दाऊद और निजाम द्वारा बिना सुरक्षा के बिजली के उपकरणों से कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान मजदूर रमेश, ताराचंद और एक अन्य राजा नामक व्यक्ति एवं उसकी पत्नी भी घटना स्थल पर मौजूद थे। युवक को करंट लगने के तत्काल बाद एक निजी अस्पताल और फिर एम. वाय अस्पताल ले जाया गया,जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर उसके पिता अमरसिंह घटना स्थल पहुंचे। इस घटना के बाद परिजन रात्री 11 बजे हीरा नगर थाने पर पहुंचे तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कर,उन्हें डरा-धमकाकर भगा दिया गया। उनके परिजन दूसरे दिन भी सुबह से दोपहर तक बाणगंगा थाना और हीरा नगर थाने में भटकते रहे,लेकिन कहीं पर भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। अंततः लसुड़ीया थाने के सब इंस्पेक्टर कृष्ण बोरडे द्वारा आवश्यक कार्रवाई कर शव परीक्षण कराया गया। यह मामला,हीरानगर थाने का होने से वहां भेज दिया गया है। मृतक का गृह ग्राम कमोद्वाड़ा में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक परिवार का एकमात्र व्यक्ति था,जो परिवार का भरण-पोषण कर रहा था।

---

### उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न

## एजेंसी कार्यो का अवलोकन करने के बाद करेगी अंकों का निर्धारण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

पेयजल स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत स्वच्छता के चिंहित मात्रात्मक और गुणात्मक मानको के आधार पर देश के सभी राज्यों, केंद्र प्रशासित राज्यों एवं जिलों की राष्ट्रीय रैकिंग प्रदान करने के लिये स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 प्रारंभ किया। इसके तहत जिला पंचायत सभाकक्ष में जनपद पंचायत खिरकिया के उपयंत्री, सहायक यंत्री, सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों का उन्मुखीकरण सोमवार को किया आयोजित किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 1000 अंको पर आधारित है, जिसमें 240 अंक सर्विस लेबल प्रगति के, 100 अंक सिटीजन फीडबैक, 120 अंक प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई, गोबरधन प्लांट तथा फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट तथा 540 अंक प्रत्यक्ष अवलोकन के हैं। कार्यशाला में बताया गया कि केंद्रीय दल द्वारा नियुक्त एजेंसी जिलों का भ्रमण कर ग्रामों में कार्यो का अवलोकन कर अंको का निर्धारण करेंगी। एजेन्सी ग्रामों का भ्रमण कर घरों, सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में स्वच्छता की स्थिति, घरों में शौचालय की उपलब्धता, खुले में शौच की स्थिति, हाथ धोने की व्यवस्था, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यो का अवलोकन करेंगी। इस दौरान दल गांव में मल-जल प्रबंधन, जैविक-अजैविक कचरा का प्रबंधन, ग्रे-वाटर प्रबंधन सहित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कर ग्रामीणो से चर्चा के बाद सिटीजन फीडवैक भी दर्ज करेंगे। कार्यशाला में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रवीण ईवने ने सभी ग्राम पंचायतों को सर्वे से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी। मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सविता झानिया ने सभी ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायतें अपने स्तर से सर्वेक्षण की तैयारी कर लें।

## मप्र टूरिज्म क्विज के लिए कल से पंजीयन

**हरदा।** मध्यप्रदेश के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, परंपरा और लोक कला से स्कूली विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रतिवर्ष स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से वर्ष 2016 से जिला एवं राज्य स्तरीय मध्य प्रदेश टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जा रही है। डिप्टी कलेक्टर एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी शिवांगी बघेल ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता के लिये इस वर्ष 25 जून से 18 जुलाई तक मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो रहे हैं। इस प्रतियोगिता के लिये कक्षा 9 से 12 तक के तीन श्रेष्ठ विद्यार्थियों का पंजीयन स्कूल प्रबंधन द्वारा किया जाएगा। डिप्टी कलेक्टर सुश्री बघेल ने बताया कि इसके बाद 1 अगस्त को प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। हरदा में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में किया जाएगा। दो चरणों में होने वाली प्रतियोगिता के प्रथम चरण में लिखित परीक्षा होगी जहां सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 6 टीम द्वितीय चरण मल्टीमीडिया राउंड में सहभागिता करेंगी। इस चरण में क्विज मास्टर द्वारा प्रतियोगिता को उत्सव के रूप मनाने के उद्देश्य से मल्टीमीडिया के माध्यम से रोचक प्रश्न पूछे जाएंगे। इस चरण में विजेता टीम राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी तथा प्रथम तीन टीमों को मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन बोर्ड द्वारा मैडल, प्रशस्ति पत्र तथा 3 दिवस और 2 रात्रि का मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों के भ्रमण हेतु कूपन प्राप्त होगा। अगली तीन टीमों को मैडल, प्रशस्ति पत्र तथा 2 दिन 1 रात्रि का भ्रमण कूपन प्राप्त होगा।

---

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अफसरों को निर्देश

## जल गंगा संवर्धन अभियान को माह के अंत तक पूरा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में संचालित जल संरक्षण और जल संवर्धन के सभी कार्यों को इस माह के अंत तक सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर अरविंद चौहान, के आर बडोले, एसडीएम पुनासा शिवम प्रजापति और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने गांव-गांव में जल समितियों का गठन कर 7 जुलाई से पूर्व उन्हें सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन समितियों में पटवारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम रोजगार सहायक, सरकारी और निजी स्कूलों के शिक्षक, स्वयंसेवी संगठन, जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियां, नवांकुर संस्थाएं और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। समितियों के सदस्यों को जिला और विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यशालाएं दी जाएं। जल संरक्षण के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए प्रभात फेरी, रंगोली और अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाए।

**रूफ वाटर हार्वेस्टिंग और लोकगीतों से प्रचार :** कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त और सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निमाड़ी भाषा में लोकगीत तैयार कर जल संरक्षण का प्रचार-प्रसार किया जाए।

**पौधरोपण और तालाब निर्माण के निर्देशः** वर्षा ऋतु को देखते हुए गांव-गांव में पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। जिले की सभी 419 पंचायतों में पौधरोपण कराया जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक पंचायत में पांच तालाबों का निर्माण कराया जाए ताकि वर्षा का जल संरक्षित हो सके और पानी की एक भी बूंद व्यर्थ न जाए।

**जल कर वसूली और ई ऑफिस सिस्टम पर जोरः** कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों को जल कर की शत प्रतिशत वसूली पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने समग्र और आधार लिंकिंग तथा ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही सभी कार्यालयों में ई ऑफिस सिस्टम अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए और कहा कि कोई भी फाइल ऑफलाइन संचालित न हो।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह जुलाई 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 जुलाई से 31 जुलाई तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 27 जून 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100

नियम व शर्तें लागू

कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________